## संक्षिप्त

### मजदूर के बेटे की शानदार सफलता



पावटा, (निसं)। अजमेर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं के परिणाम में 97 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले दिनेश यादव की कहानी प्रेरित करने वाली है। उपखंड पावटा के गांव कुनेड निवासी दिनेश यादव के पिता राम सिंह यादव बेंगलौर में फैक्टरी मे मजदूरी का काम करते हैं तो मां कृषि व पशुपालन का कार्य करती है। सुविधाओं के अभाव में रहते हुए दिनेश ने मेहनत कर शानदार सफलता हासिल की। उपखंड पावटा के ग्रामीण क्षेत्र निवास में पढ़ने वाले छात्र दिनेश यादव ने 600 में से 582 नंबर प्राप्त कर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र दिनेश यादव ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों को दिया। वहीं छात्र दिनेश यादव ने बताया कि वह बडे होकर इंजीनियर बनना चाहता हैं।

### संजय ने 86.83 अंक प्राप्त किये



जयपुर। गांव के स्कूल के छात्र संजय सैनी ने इस बार बोर्ड परीक्षा में गांव में सभी को पछाड़ दिया है। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2022 के परिणाम में आदर्श ज्ञानदीप पब्लिक सेकेंडरी स्कूल जटवाड़ा, तहसील बस्सी में संजय सैनी ने 86.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। संजय सैनी ने जटवाड़ा गांव के गिरधरवास की ढाणी और विद्यालय का नाम रोशन किया है। संजय ने इसका श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। गौरतलब है कि संजय सैनी के माता-पिता दोनों ही खेती का कार्य करते हैं लेकिन फिर भी बच्चे को हमेशा पढ़ने के लिए मोटिवेट करते रहते हैं।

### सुमित सैनी ने नाम रोशन किया



जयपुर। गांव के स्कूल के छात्र सुमित सैनी ने इस बार बोर्ड परीक्षा में गांव का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2022 के परिणाम में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जटवाड़ा में सुमित सैनी ने 86.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। सुमित ने जटवाड़ा गांव के गिरधरवास की ढाणी और विद्यालय का नाम रोशन किया है। सुमित ने इसका श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है।

### 'डॉ.रमेश बैरवा मुख्य वक्ता होंगे'

अलवर। शिक्षा बचाओ आंदोलन के प्रदेश संयोजक, राजस्थान विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा के प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.रमेश बैरवा 14-15 जून को सालासर में आयोजित राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के राज्य सम्मेलन के मुख्य वक्ता होंगे। डॉ.बैरवा 14 जून को आयोजित विशेष सत्र में "साझा आंदोलन में शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों की भूमिका" विषय पर बीज वक्तव्य देंगे।

### बुद्धिप्रकाश बने संगठन मंत्री

मालपुरा, (निसं)। विप्र फाउण्डेशन के राष्ट्रीय प्रभारी विमलेश शर्मा की अभिषंशा पर फाउण्डेशन जॉन प्रथम के यूथ प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष पवन नटराज के अनुमोदन पर मालपुरा निवासी बुद्धिप्रकाश शर्मा को विप्र फाउण्डेश यूथ प्रकोष्ठ के जिला संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। वहीं विप्र फाउण्डेशन के राष्ट्रीय प्रभारी विमलेश शर्मा की अनुषंशा पर जॉन प्रथम के अध्यक्ष राजेश कर्नल एडवोकेट के अनुमोदन पर मालपुरा निवासी एडवोकेट रमेश चन्द पारीक पार्षद को संगठन मे जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। दोनो ही युवाओं को मिले जिला संगठन के दायित्व का विप्रजनो ने बधाई दी।

### सर्प दंश से बालिका की मृत्यु

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम बुटेरी निवासी एक 14 वर्षिय बालिका की सर्प के काटने से मृत्यु हो गई। पुलिस चौकी प्रभारी भवानी सिंह ने बताया कि ग्राम बुटेरी निवासी प्रिया पुत्री दाताराम कुम्हार घर के लिए ईधन लेने गई थी। ईधन उठाते समय सर्प ने काट लिया। जिसे बीडीएम अस्पताल लेकर आये। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया।

# 'हम संकल्प लेते हैं कि 2023 में राजस्थान में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाएंगे'

- मोदी सरकार के 8 साल के सुशासन को लेकर दूदू में भाजपा के विशाल किसान सम्मेलन को डॉ. सतीश पूनिया और राजेन्द्र राठौड़ ने संबोधित किया
- मोदी सरकार पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को संबल दे रही, कांग्रेस सरकार कर्जमाफी व जमीनों की नीलामी से किसानों के साथ छलावा कर रही हैः डॉ. पूनियां



किसानों ने डॉ. सतीश पूनिया और राजेन्द्र राठौड़ को हल भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

जयपुर/दूदू, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 8 साल के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश के सभी जिलों में किसान सम्मेलन व जन-कल्याणकारी योजनाओं को लेकर पार्टी के सभी मोर्चा कार्यक्रम कर लाभार्थियों से संवाद कर रहे हैं।

इसी उपलक्ष्य में जयपुर संभाग में भाजपा ने दूदू में विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी इत्यादि ने संबोधित किया।

किसानों ने डॉ. सतीश पूनिया और राजेन्द्र राठौड़ को हल भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। डॉ. पूनिया ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों को उन्नत बीज से लेकर फसल के उचित मूल्य तक आर्थिक उन्नित के साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और इसी का नतीजा है कि खरीफ और रबी की फसलों की खरीद के लिए समय-समय पर मोदी सरकार समर्थन मूल्य में बढोतरी कर रही है, जो किसानों की दोगुनी आय करने के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

डॉ. पूनियां ने कहा कि मोदी सरकार राजस्थान से लेकर देश के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि से संबल दे रही है और वहीं राज्य की कांग्रेस सरकार किसान कर्जमाफी और जमीनों की नीलामी के नाम पर किसानों के साथ धोखा व वादाखिलाफी कर रही है। मोदी सरकार युवाओं को स्किल डवलेपमेन्ट और स्टार्ट-अप के माध्यम से आत्मनिर्भर बना रही है, जिससे युवा स्वयं मजबूत होने के साथ-साथ अन्य युवाओं के लिए भी नौकरियों के अवसर पैदा कर रहे हैं और वहीं राज्य की अशोक गहलोत सरकार के शासन में न तो युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के मामलों से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है, इससे भी आगे बढ़कर कांग्रेस सरकार पेपर लीक करने वाले गिरोहों को राजनीतिक संरक्षण भी दे रही है।

राजेन्द्र राठौड़ ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार किसानों सहित सभी वर्गों की उन्नित के लिए कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम राजस्थान सहित पूरे देश में दिखने को मिल रहे हैं। फसलों की दोगुनी कीमत करने, युवाओं को व्यवसाय से जोड़ने, श्रमिकों को सक्षम बनाने इत्यादि जन-कल्याणकारी योजनाओं से आधुनिक भारत का निर्माण हो रहा है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासन में बहन-बेटियों पर अत्याचार, किसानों से वादाखिलाफी, बिजली कटौती, पेपर लीक इत्यादि हो रहा है, इन जन विरोधी कार्यों से परेशान होकर राजस्थान की जनता कांग्रेस को 2023 में हमेशा के लिए विदा करने को तैयार है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां और हम सब मिलकर यह संकल्प लेते हैं कि 2023 में प्रचंड बहुमत की भाजपा की सरकार राजस्थान में बनाएंगे।

किसान सम्मेलन में एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र मीणा, अल्पसंख्यक प्रदेशाध्यक्ष एम सादिक खान, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, जिला प्रभारी व पूर्व विधायक शत्रुघ्न गौतम, पूर्व विधायक प्रेम बैरवा, पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण, जयपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर, टोंक जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा इत्यादि उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में एक महिला की मौत, 11 लोग घायल

किशनगढ़ बास, (निसं)। अलवर जिले के किशनगढ़ बास क्षेत्र के गांव घासोली से भाई की मौत पर सांत्वना देने के लिए भरतपुर के गांव गंगोरा पहुंची बहन की मौत हो गई। महिला के शव को घासोली लेकर आ रहे परिजनों की गाड़ी में पीछे से बोलेरो ने अलवर किशनगढ़ बास हाईवे पर पापडी के पास टक्कर मार दी जिसमें पीयर पक्ष से साथ में आ रही भतीजे बहू की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। 7 दिन पहले गांव गंगोरा में भाई की मौत पर महिला परिवार जनों को सांत्वना देने के लिए गई थी।

गांव गंगोरा (पहाड़ी) भरतपुर निवासी ओमप्रकाश प्रजापत ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके भाई भजन लाल की 6 जून को मौत हो गई थी भाई की मौत पर गांव घासोली निवासी उसकी बहन पांची ( 80) पत्नी हीरा लाल प्रजापत गांव गंगोरा अपने भाई भजनलाल की मौत पर सांत्वना देने आई थी तो इस दौरान रविवार शाम को गंगोरा में गांव घासोली निवासी पांची देवी की मौत हो गई। पाची देवी का शव को पिकअप गाड़ी में पियर पक्ष के लोग गांव घासोली लेकर आ रहे थे की रात करीब 12 बजे अलवर किशनगढ़ बास हाईवे मार्ग पर गांव घासोली के पास एक बोलेरो गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी टक्कर में घायलों को मौके से ही ग्रामीणों की मदद से अलवर अस्पताल पहुंचाया गया। पिकअप गाड़ी में सवार पाची के भतीजे इकबारी की पत्नी सविता की अलवर अस्पताल में पहुंचते ही मौत हो गई। ईकबारी पुत्र रतनलाल, माया पत्नी पूरण, शीला पत्नी दोलती राम, हेत राम पुत्र प्रभाती, सोरता पत्नी गोपाल, छोटेलाल, नानक, फूलवती, मीना, शरबती, सुनीता घायल हो गए । घायलों में छोटेलाल, नानक, मीना, सुनीता को प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी दे दी गई अन्य गंभीर घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

## शराब ठेके को बंद करवाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



बाबा रामदेवजी के मंदिर के सामने शराब का ठेका खोलने पर महिलाओं ने ज्ञापन दिया।

टोंक, (निसं)। शहर के वार्ड नं. 60 अस्तल रोड अन्धेरिया बाग छावनी में बाबा रामदेवजी के मंदिर के सामने खोले शराब का ठेका को बंद करवाने की मांग को लेकर निवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

वार्ड के निवासी बुद्धिप्रकाश, सम्पत्ति, संतोष, बीना, शांति, कुलदीप बैरवा, सूरज, हेमराज बैरवा, गीता, राजू, किशन, कमला एवं गायत्री आदि ने दिये गये ज्ञापन में बताया कि शहर के वार्ड नं. 60 अस्तल रोड अन्धेरिया बाग छावनी में बाबा रामदेवजी महाराज का मंदिर है, जिसके ठीक सामने एक नवनिर्मित मकान में निर्माण करवाकर उसमें शराब का ठेका खोल दिया है, बाबा रामदेवजी महाराज का मंदिर में सुबह-शाम कॉलोनीवासियों द्वारा आरती में महिला-पुरूष द्वारा आरती की जाती है। उन्होंने बताया कि अस्तल रोड अन्धेरिया बाग में अधिकतर लोग अनुसूचित जाति के निवास करते हैं, सभी लोग गरीब मजदूरी व बीडी बनाकर अपना जीवन यापन करते हैं, ठेके के पास ही स्कूल है, पूर्व में भी दो बार ठेका बंद करवाया जा चुका है, ठेके के कारण आये दिन लडाई-झगडे होते रहते है। उन्होंने मांग की है कि वार्ड 60 में जो ठेका खुला है उसे बंद करवाया जावे।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी व पोस्ट नहीं करें: त्रिपाठी

- 6 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया
- 'आपत्तिजनक पोस्ट व टिप्पणी डालने पर 3 से 5 वर्ष की सजा एवं 5 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान हैं'

टोंक, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने वाली, साम्प्रदायिकता फैलाने वाली आपत्तिजनक टिप्पणी व पोस्ट नहीं डाले।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह धारा 295ए, 153ए, 505 भादास व 67 आईटी एक्ट के तहत अपराध है, जिसमें 3 से 5 वर्ष की सजा एवं 5 लाख रुपए तक जुर्माना हो सकता है। जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली पोस्ट डालने पर 6 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक त्रिपाठी ने बताया कि फेसबुक पर आपति जनक टिप्पणी का वीडियो वायरल करने पर पीयूष पाटीदार को गिरफ्तार किया गया है। 12 जून को केदार विजयवर्गीय नामक व्यक्ति पर सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट करने पर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। करण गुर्जर द्वारा सोशल मीडिया पर अशोभनीय व धार्मिक भावनाओं को भडकाने वाली पोस्ट डालने पर निवाई थाने में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

तीन व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया पर अशोभनीय एवं धार्मिक भावनाओं को भडकाने वाली पोस्ट डालने पर निवाइ थाने में मुकदमा दर्ज कर सद्दीक मोहमद को गिरफ्तार किया गया। सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली व साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने वाली टिप्पणी करने व पोस्ट डालने पर थाना कोतवाली में 2 व्यक्तियों, पुलिस थाना निवाई 2 व्यक्तियों व थाना टोडारायसिंह में एक व्यक्ति के विरुद्ध इंसदादी कार्यवाही की गई।

## अवैध कनेक्शन के कारण नहीं पहुंच रहा घरों तक पानी

- ग्रामीणों ने नपा से की शिकायत

पावटा, (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के कूनेड में नगरपालिका द्वारा लगाई गई बोरिंग से हो रहे कनेक्शन से आसपास के घरों में पिछले कई महीनों से पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के चलते उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुनेड में घरों को जोड़ने वाली पानी की पाइप लाइन से अवैध जल कनेक्शन कर रखा है व कई घरों में बूस्टर लगे हुए हैं जिसके चलते गांव में घरों में पाने की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो रही है। पहले भी जलदाय विभाग द्वारा कार्यवाही कर अवैध कनेक्शनों को काटा गया था। वहीं ग्रामीणों ने पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ हरि नारायण यादव व जलदाय विभाग कनिष्ठ अभियंता गगन गुर्जर को अवगत करवाते हुए बताया कि कुछ लोगों द्वारा बार-बार अवैध जल कनेक्शन कर लिया जाता है जिसके चलते आगे के घरों में पानी की पूरी सप्लाई नहीं मिलने के कारण लोगों को इस भीषण गर्मी के इस मौसम में महंगे दाम पर ट्रैक्टर टैंकरों से पानी मोल डलवाना पड रहा है। जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता गगन गुर्जर वे पावटा प्रागपुरा नगरपालिका व पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ हरि नारायण यादव ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिली है इस पर जल्द ही सयुंक्त कार्यवाही कर अवैध जल कनेक्शन वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### मोहित यादव ने दो तहसीलों को किया टॉप



नारायणपुर, (निसं)। दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सोमवार को कस्बे में स्थित बाल भारती सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के छात्र मोहित यादव पुत्र कन्हैया लाल ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके उन्होंने अपने माता-पिता, स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र मोहित यादव ग्राम पंचायत कोलाहेडा के जोधपुरा के रहने वाले है और उनके पिता बोध शिक्षा में अध्यापक और माता गृहणी है। छात्र ने बताया कि वह नियमित 3 से 4 घंटे पढाई करता था। उन्होंने सफलता का श्रेय विद्यालय स्टाफ, परिजन और उनके भाई बहिनों को दिया है। वह भविष्य में डॉक्टर बनकर समाजसेवा करना चाहता है। मोहित नारायणपुर और थानागाजी का टॉपर होने पर उनके विद्यालय के संस्थापक महिपाल यादव और निदेशक मुकेश यादव ने उनके घर पहुंचकर छात्र के साफा और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया है और उनके परिवार को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। वही मोहित दो तहसील में टॉपर होने पर थानागाजी सीबीईओ मंगलराम जाटव और सरपंच अमिता राजेन्द्र यादव ने उनको बधाई दी है । इस मौके पर वार्ड पंच बुद्धाराम यादव, मुखराम, अर्जुन लाल, मदन लाल, यादराम, कैलाश, सुनील सहित अनेक लोग मौजूद थे ।

### फुलेरा के होनहारों ने जीते मेडल



फुलेरा। राजस्थान स्टेट सब-जूनियर ग्रैपलिंग रैसलिंग चैंपियनशिप उदयपुर में आयोजित की गई। समाजसेवी राकेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में मास्टर प्रिंस तम्बोली, आर्यना कुमावत, निहारिका जोशी, लक्ष्य शर्मा, मदन मीना और आदित्य सैनी ने एक-एक गोल्ड मेडल और एक-एक सिल्वर मेडल जीतकर फुलेरा नाम रोशन किया है। वहीं आगे बताया कि इन 6 खिलाड़ियों का चयन उत्तराखण्ड प्रदेश में होने वाली सब-जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया है। इसी क्रम में उक्त मैडललिस्टों को उनके परिचितों व रिश्तेदारों ने व्यक्तिगत एवं मोबाइल पर शुभकामनाएं और बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### भावना को मिले 98.33 प्रतिशत अंक

सांभरझील, (निसं)। सोमवार को घोषित दसवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में ग्राम भीखावास की इंदिरा प्रताप सिंह सीनियर सैंकण्डरी स्कूल अंग्रेजी माध्यम के होनहारों ने ग्रामीण क्षेत्र का नाम रोशन कर दिखाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस स्कूल में अध्ययनरत 159 विद्यार्थियों में से 64 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जिज कर अपनी प्रतिभा को शानदार तरीके से प्रदर्शित किया है। सर्वाधिक भावना बूरी ने 98.33 प्रतिशत, अभिषेक चौधरी 98.16 प्रतिशत, केशव पारीक 98.16 प्रतिशत, भावना कुमावत 97.87 प्रतिशत, तनिष्का तेतरवाल ने 97 प्रतिशत तथा इसी प्रकार सांभर के छात्र अमित सिंगला ने 95.83 प्रतिशत अंक अर्जित करने में सफलता पायी है। सिंगला को हिन्दी में 83, अंग्रेजी में 96, विज्ञान में 96, सामाजिक विज्ञान में 100, गणित में 100 व संस्कृत में 100 फीसदी अंक प्राप्त हुये हैं।

### कमरे में मिला युवक का शव

डिग्गी, (निसं)। सोमवार सुबह डिग्गी थाना क्षेत्र के डिग्गी उपतहसील के पीछे कीरों की ढाणी में बंद कमरे में शंकरलाल पुत्र सत्यनारायण कीर उम्र 37 साल मृत पाया गया। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि सूचना पर मय जाब्ता डिग्गी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार मृतक शंकर लाल कीर अपने ही कमरे में अकेला ही था। वह शनिवार को हलवाई का काम करके लौटा था। वहीं मृतक की पत्नी उवं उसके दो बच्चे अपनी मां के साथ कहासूनी के बाद पीहर गए हुए थे। तीन दिन से कमरे का गेट नहीं खुलने एवं सडाध होने पर पडोसियों ने जब मकान के गेट तोड़कर देखा तो शंकरलाल कीर अपने कमरे मे मृत पाया गया। पडोसियो ने वही रहने वाले उसके परिजनो एवं पुलिस को इसकि सूचना दी। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने मौके पर पहुंचकर एफ एसएल टीम टोंक एवं एमआईयू टीम को मौके पर बुलाया।

### विशाल व स्वास्ति ने नाम रोशन किया

चाकसू, (निसं)। चाकसू उपखंड क्षेत्र में फोटोग्राफर के बेटे विशाल चौधरी एवं कस्बा निवासी स्वास्ति पारीक पुत्री हेमंत पारीक ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 10वीं में क्रमशः 95.67 एवं 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों ने सफलता का कड़ी मेहनत से नियमित पढाई करने के साथ माता पिता व गुरूजनों को दिया है। छात्र ने कहा कि कोरोना काल के समय पिताजी का फोटोग्राफी का काम धंधा चौपट होने के बाद भी पिताजी ने मेरी नियमित पढाई में कभी बाधा नहीं आने दी। भविष्य में आईआईटी के क्षेत्र में जाकर गांव व देश का नाम रोशन करना चाहता है। छात्र के पिता राधामोहन चौधरी ने कहा कि जेसे ही बेटे का परिणाम आया घर व पूरे गांव में खुशी का माहौल हो छात्रा ने बताया कि विद्यालय स्टाफ ने प्रत्येक विषय का बारिकी से अध्ययन कराया इन सबके आशीर्वाद से मैंने यह सफलता प्राप्त की है शुभचिंतकों ने सोशल मीडिया, फोन काल के माध्यम के साथ साथ घर आकर शुभकामनाएं दीं ।

## पानी उपलब्ध करवाने व सड़कों को ठीक कराने की मांग



श्रीमाधोपुर में सैकड़ों महिला व युवाओं ने जुलूस के रूप में उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया।

श्रीमाधोपुर, (निसं)। जनसेवा मोर्चा श्रीमाधोपुर की ओर से मोर्चा के श्याम चौधरी के नेतृत्व में सैकडों महिला व युवाओं ने जुलूस के रूप में उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन प्रस्तुत किया।

जिसमें संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर में चल रही पानी की भारी किल्लत की समस्या को दूर करने व गांव की लिंक सड़कों की मरम्मत शीघ्र करवाने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन में लिखा गया है कि पेयजल की समस्या के कारण जहां आम आदमी परेशान है वहीं पशु-पक्षी की भी पानी न मिलने के कारण अकाल मौत हो रही है। ज्ञापन में पुरानी पाइप लाइनों व क्षतिग्रस्त लाइनों को शीघ्र बदलवाने, पानी की कमी वाले क्षेत्रों में टैंकरों से मांग के अनुरूप सुचारू पेयजल सप्लाई करवाने, व सभी राजस्व ग्राम पंचायत मुख्यालय की क्षितग्रस्त सड़कों को ठीक कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में लिखा गया है कि सड़के खराब होने से जहां वाहन चालकों को परेशानी होती है वही समय के साथ साथ आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। ज्ञापन पर जगदीश भादवा, महेश कुमार, सोहन रूंडला, अमित चौधरी, अभिषेक, सुनी सिंह ,बाबूलाल, परमजीत, महावीर ,गणपत राम, शंकर, हनुमान सहाय, बद्री प्रसाद, संदीप गढ़वाल सहित कई महिलाएं आदि ग्रामीण लोग मौजूद थे ।

## मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

बहरोड़/ शाहजहांपुर, (निसं)। भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड के मामले में ईडी द्वारा जारी किए गए नोटिस के खिलाफ नेशनल हाईवे नंबर 48 दिल्ली से जयपुर मार्ग पर स्थित शाहजहांपुर बॉर्डर पर प्रदर्शन किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बस्तीराम यादव एडवोकेट राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला महासचिव अशोक मुद्गल पूर्व सरपंच नीमराणा, अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती कोच राजकुमार पहलवान अभय सिंह यादव, नितेश यादव, सरपंच शोताज सिंह यादव सरपंच वेद कृष्णा नागल खोडिया, डॉक्टर जयपाल सिंह यादव, हरकेश मुद्गल, आकाश शर्मा सचिन मुद्गल, सुजान सिंह सरपंच, शेर सिंह यादव ने जाहिर किया कि भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री की सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ झूठे नोटिस जारी कर झूठे मुकदमों में फंसाने की बहुत बड़ी साजिश की जा रही हैं।

## पार्षदों ने 19 लाख के टेण्डरों में धांधली का आरोप लगाया

- जिला कलेक्टर व उपनिदेशक से की शिकायत

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा नगरपालिका के पार्षदों ने सोमवार को पालिका में ऑनलाईन 19 लाख रूपये के टेण्डरों की कॉपियां ठेकेदारों को नहीं देने तथा नियमों के विपरीत जाकर एसपीपीपी पर निकाले गये टेण्डरों में धांधली का आरोप लगा जिला कलेक्टर व उपनिदेशक को पत्र प्रेषित कर कार्यवाही की मांग की।

पार्षद श्योजीराम शर्मा, युधिष्टर सिंधी, महेन्द्र सिंह गंवारिया आदि ने अवगत करवाया कि पालिका प्रशासन द्वारा 11 जून को शनिवार के अवकाश के दिन एसपीपीपी पर 19 लाख 80 हजार के दो टेण्डर की कॉपी टेण्डर निविदा अपलोड की गई लेकिन अपलोड निविदा कॉपी इस तरीके से अपलोड की गई कि उसे कोई पढ ना सके।

इतना ही नहीं पार्षदों ने बताया कि पालिका नियम व एक्ट के अनुसार कोई भी टेण्डर सात दिन से पूर्व खोला नहीं जा सकता। लेकिन पालिका प्रशासन ने 11 जून को अपलोड किये दोनों टेण्डर खोलने की तिथि 13 जून रखी गई जिसकी किसी को कानों-कान खबर नहीं लगी। लेकिन कुछ ठेकेदारों ने व पार्षदों ने ऑनलाईन टेण्डर कॉपी देख पालिका कार्यालय में सम्बन्धित शाखा से टेण्डर कॉपी मांगी तो कार्मिकों ने टेण्डर कॉपी देने से यह कहते हुए इंकार कर दिया कि उन्हें टेण्डर प्रक्रिया की जानकारी नहीं है। जिसको लेकर ठेकेदारों ने मामले से पार्षदों को अवगत करवाया। पार्षदों ने मामले में धांधली का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर को दूरभाष पर मामले से अवगत करवाया तथा डीडीआर को ज्ञापन की प्रति मेल करते हुए कार्यवाही की मांग की। पार्षदों की नाराजगी व ठेकेदारो के हंगामे की मिली सूचना के बाद उक्त मामले की सूचना शहर में फैल गई।

मामले को लेकर पालिका अध्यक्ष आशा नामा से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि कार्मिकों द्वारा एसपीपीपी पर अपलोड किये टेण्डरों की कॉपी पर लापरवाही बरतते हुए जो साफ कॉपी अपलोड नहीं करने की जानकारी मिलने पर उक्त दोनों टेण्डर निरस्त कर दोबारा टेण्डर जारी करने की जानकारी दी तथा पार्षदों द्वारा लगाये धांधली के आरोपों को निराधार बता दोबारा से पारदर्शिता पूर्ण टेण्डर करने की बात कही।